संख्या- 3/2026/589/63-व0उ0-2026

प्रेषक,

अनिल कुमार सागर,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

आयुक्त एवं निदेशक,
हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग निदेशालय,
उ0प्र0 कानपुर।

हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग अनुभाग **लखनऊ:दिनांकः 07 मई, 2026**

विषय:- **संत कबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजनान्तर्गत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना हेतु उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड की 04 कताई मिलों की कुल 251.805 एकड़ भूमि हथकरघा एवं वस्त्रोदयोग विभाग के पक्ष में नि:शुल्क हस्तांतरण के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-1708/ह0क0-नियोजन/2025-26 दिनॉक 10.02.2026 एवं 1902/ह0क0-नियोजन/2025-26 दिनॉक 05.03.2026 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से संतकबीर टेक्सटाइल एवं अपैरल पार्क योजनान्तर्गत टेक्सटाइल पार्क की स्थापना हेतु हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के नाम उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लि0 की 04 कताई मिलों की कुल 251.805 एकड भूमि के हस्तानान्तरण पर मा0 मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि सम्यक विचारोपरान्त उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड की निम्न 04 मिलों की भूमि हथकरघा एवं वस्त्रोदयोग विभाग को नि:शुल्क हस्तांतरित कराये जाने का निर्णय लिया गया है-

क्र.सं.	कताई मिलों का नाम	जनपद	कुल भूमि (एकड़ में)
01	सहकारी कताई मिल्स लिमिटेड, अमरोहा	जे. पी. नगर	79.825
02	उत्तर प्रदेश, सहकारी कताई मिल्स लिमिटेड, बहेड़ी	बरेली	79.58
03	संत कबीर सहकारी कताई मिल्स लिमिटेड, मगहर	संत कबीर नगर	39.49
04	नगीना सहकारी कताई मिल लिमिटेड, नगीना	बिजनौर	52.91
कुल भूमि			**251.805**

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

3- इस हेतु रजिस्ट्री डीड सम्बन्धी कार्यवाही उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लिमिटेड तथा हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग के मध्य सम्पादित की जानी है। चूंकि उपरोक्त भूमि सार्वजनिक प्रयोजन व जनहित में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग को हस्तान्तरित की जा रही है, अतः इस पर स्टाम्प ड्यूटी एवं रजिस्ट्रेशन शुल्क देय नहीं होगा।

भवदीय,

(अनिल कुमार सागर)
प्रमुख सचिव।

<u>संख्या एवं दिनांक-तदैव।</u>

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- अपर मुख्य सचिव, अवस्थापना एवं औद्योगिक विकास विभाग, उ0प्र0 शासन।
2- प्रमुख सचिव, स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उ0प्र0 शासन।
3- प्रबन्ध निदेशक, उत्तर प्रदेश सहकारी कताई मिल्स संघ लि0, कानपुर।
4- गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(सुरभि सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।